महत्वपूर्ण एवं खास

सीटी बस डीपो के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर (आरएनएस)। पुराना बस स्टेण्ड स्थित सीटी बस डीपो के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी धनेन्द्र सिन्हा 30 वर्ष माना बस्ती का रहने वाला है। प्रार्थी ने देवेन्द्र नगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केबी 6180 को पुराना बस स्टेण्ड स्थित सीटी बस डीपो के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अनियंत्रित हाइवा दीवाल से टकराया, चालक की मौत

रायपुर (आरएनएस)। ग्राम सकरी मेन रोड के पास अनियंत्रित हाइवा दीवाल से जा टकराया। जिससे हाइवा चालक की मौत हो गई। मामले में अभनपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक भोजकुमार ध्रुव 45 वर्ष ग्राम अवंरी थाना कुरूद का रहने वाला था। बताया जाता है कि मृतक अपनी हाइवा क्रमांक सीजी 04 पीएल 5561 को लेकर कहीं जा रहा था, तभी ग्राम सकरी मेन रोड पर एक बाड़ी के दीवाल से जा टकराया। जिससे भोजकुमार की मौत हो गई। मामले में अभनपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले को जांच में लिया है।

हेरोइन चिट्टा के साथ दो युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। कबीरनगर पुलिस ने जरवाय बाइपास रोड के पास हेरोइन चिट्टा खपाने के लिए ग्राहक तलाशते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जरवाय बाइपास रोड नीचे गौरी पान ठेला के पास दो युवक मादक पदार्थ खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी लवप्रित सिंह 28 वर्ष व हरप्रित सिंह 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 39.37 ग्राम हेरोइन चिट्टा, 2 मोबाइल और एक बाइक जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

शादी में आई 10 साल की मासूम से हैवानियत, गिरफ्तार

बलरामपुर-रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले से हैवानियत का मामला सामने आया है. एक शादी समारोह के दौरान 10 साल की मासूम बच्ची को एक शराबी दरिंदे ने अपनी हवस का शिकार बना डाला. मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. यह घटना बसंतपुर थाना क्षेत्र की है.आरोपी दूसरे गांव से शादी समारोह में शामिल होने आया था. शराब के नशे में धुत होकर उसने इस घिनौने कृत्य को अंजाम दिया. घटना उस समय हुई जब बच्ची अपने घर में चल रहे शादी समारोह में मौजूद थी. दुष्कर्म के बाद बच्ची की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद परिजनों को इस घटना का पता चला. परिजनों ने तुरंत बसंतपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई. जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

भड़के चरणदास महंत के साथ विपक्ष ने किया बहिर्गमन

रायपुर (आरएनएस)। सदन में हुए निलंबन कार्रवाई के बाद नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने तुरंत कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई. यह बैठक नेता प्रतिपक्ष के कक्ष में जारी है, जिसमें सभी कांग्रेस विधायक मौजूद हैं. इस बीच मंत्री रामविचार नेताम और वित्त मंत्री ओपी चौधरी विपक्षी विधायकों को मनाने पहुंचे, लेकिन कांग्रेस ने सदन की कार्यवाही से बहिर्गमन कर दिया. कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि विधानसभा में आवाज उठाने वालों पर कार्रवाई हो रही है, कोई भी विधायक सदन में प्रश्न उठाता है तो उसके यहां ईडी भेज देते हैं.

छत्तीसगढ़ एनर्जी इंवेस्टर्स समिट में कई बड़ी कंपनियों ने किया 3 लाख करोड़ से अधिक के निवेश का एलान

रायपुर | आरएनएस

रायपुर में हुए 'छत्तीसगढ़ एनर्जी इंवेस्टर्स समिट' में कई बड़ी कंपनियों ने 3 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश का ऐलान किया है. इस निवेश से राज्य में परमाणु, थर्मल, सौर और पंप्ड स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में बिजली उत्पादन के नए प्रोजेक्ट शुरू होंगे। इससे न केवल उद्योगों को फायदा मिलेगा, बल्कि आम लोगों को भी सस्ती और निरंतर बिजली मिल सकेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है कि छत्तीसगढ़ में ऊर्जा के क्षेत्र में यह निवेश राज्य की बिजली उत्पादन क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देकर हरित भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। हमारा लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ न केवल ऊर्जा में आत्मनिर्भर बने, बल्कि पूरे देश के लिए एक ऊर्जा हब के रूप में स्थापित हो। छत्तीसगढ़ पहले से ही 30,000 मेगावाट बिजली का उत्पादन कर रहा है, जो देश के औसत से ज्यादा है। अब हर व्यक्ति को 2048 किलोवाट-घंटे बिजली मिल रही है, जिससे राज्य की ऊर्जा जरूरतें पूरी हो रही हैं। परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एनटीपीसी ने 80,000 करोड़ रुपये की लागत से 4200 मेगावाट क्षमता का न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट लगाने की योजना बनाई है। इससे छत्तीसगढ़ में परमाणु ऊर्जा से बिजली उत्पादन की शुरुआत होगी।थर्मल पावर क्षेत्र में भी बड़े निवेश की घोषणा हुई है। अदानी पावर 66,720 करोड़ रुपये खर्च कर कोरबा, रायगढ़ और रायपुर में 1600-1600 मेगावाट के तीन थर्मल पावर

प्लांट लगाएगा। जिंदल पावर रायगढ़ में 1600 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए 12,800 करोड़ रुपये का निवेश करेगा, जबकि सरदा एनर्जी रायगढ़ में 660 मेगावाट क्षमता के प्लांट के लिए 5,300 करोड़ रुपये लगाएगी। इसके अलावा, सरकारी कंपनियां एनटीपीसी और सीएसपीजीसीएल 41,120 करोड़ रुपये की लागत से 4500 मेगावाट बिजली उत्पादन करेंगी। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ को बड़ी सफलता मिली है। जिंदल पावर और एनटीपीसी ग्रीन मिलकर 10,000 करोड़ रुपये खर्च कर 2500 मेगावाट सौर बिजली का उत्पादन करेंगे। इसमें डोलेसरा में 500 मेगावाट और रायगढ़ में 2000 मेगावाट के सौर प्लांट शामिल होंगे। किसानों के लिए भी खुशखबरी है। पीएम कुसुम योजना के तहत 4100 करोड़ रुपये की लागत से 675 मेगावाट सौर बिजली का उत्पादन किया जाएगा और 20,000 सोलर पंप लगाए जाएंगे। इससे किसानों को सिंचाई के लिए सस्ती बिजली मिलेगी और डीजल पंपों की जरूरत कम होगी। इसके अलावा, 57,046 करोड़ रुपये की लागत से 8700 मेगावाट क्षमता के पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट भी शुरू होंगे। इसमें एसजेएन कोटपाली में 1800 मेगावाट और जिंदल रिन्यूएबल द्वारा 3000 मेगावाट के प्रोजेक्ट शामिल हैं। इन सभी निवेशों के जरिए छत्तीसगढ़ जल्द ही देश के सबसे बड़े ऊर्जा उत्पादक राज्यों में शामिल हो जाएगा। इससे उद्योगों, किसानों और आम लोगों को फायदा होगा और राज्य की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

सौर सौर ऊर्जा : सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार के लिए 10,000 करोड़।

पीएम कुसुम योजना: किसानों के बीच सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 4,100 करोड़।

परमाणु सौर ऊर्जा : साफ और कुशल ऊर्जा उत्पादन के लिए 80,000 करोड़ का निवेश।

ताप विद्युत: राज्य की ताप विद्युत क्षमता को मजबूत करने के लिए 1,07,840 करोड़।

पीएम सूर्य योजना: राष्ट्रीय सौर छत परियोजना के तहत 6,000 करोड़।

सरकारी भवनों में सौर सौर ऊर्जा : सरकारी इमारतों में सौर ऊर्जा अपनाने के लिए 2,500 करोड़।

पंप्ड स्टोरेज परियोजनाएं : ग्रिड स्थिरता के लिए ऊर्जा भंडारण में 57,046 करोड़।

क्रेडा सौर पहल: सौर ऊर्जा विस्तार के लिए 3,200 करोड़।

(वितरण क्षेत्र योजना): वितरण बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए 10,800 करोड़।

पावर ट्रांसमिशन नेटवर्क: बिजली पारेषण नेटवर्क को उन्नत करने के लिए 17,000 करोड़।बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली: ऊर्जा भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए 2,600 करोड़।

पटाखा गोदाम में लगी आग, 5 लोगों की मौत

बलरामपुर-रायपुर | आरएनएस

जिले से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। यहां रामानुजगंज में स्थित एक पटाखा गोदाम में आग लग गयी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में 3 बच्चें, एक महिला और एक पुरुष शामिल है। घर को तोडक़र मृतकों के शव को बाहर निकाला गया है। वहीँ इस घटना के बाद से पूरे इलाके में हडक़ंप मच गया है। जानकारी मिलने के बाद घर को तोडक़र मृतकों के शव को बाहर निकाला गया है। वहीँ इस घटना के बाद से पूरे इलाके में हडक़ंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना सरहदी क्षेत्र गोदरमना में हुई हैं। यहां एक पटाखा गोदाम में अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण पूरे गोदाम में धुंआ भर गया और इसके कारण दम घुटने से पांच लोगों की मौत हो गई।

आग लगने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और आग पर काबू पाया है।

दर्दनाक हादसे में दो बच्चों समेत 5 की हुई मौत झारखंड के मुख्यमंत्री ने घटना पर किया दुख व्यक्त : रामानुजगंज नगर सीमा से सटे झारखंड के ग्राम गोदरमाना में आज सुबह 11 के करीब पटाखा दुकान में आग लगने के बाद दुकान संचालक सहित एक ग्राहक एवं तीन बच्चे दुकान के बगल के कमरे में जाकर जान बचाने के लिए छुप गए जहा दम घुटने से पांचो की मौत हो गई घटना के बाद पांचो को जेसीबी से दीवाल तोडक़र निकला गया एवं तत्काल रामानुजगंज 100 बिस्तर अस्पताल ले गया जहां डॉक्टर ने पांचो की मौत की पुष्टि की। घटना के बाद रामानुजगंज एवं गोदारमना में मातम पसर गया। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घटना पर दुख व्यक्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामानुजगंज से झारखंड के ग्राम गोदरमाना में सुबह 11 बजे के करीब कुश कुमार उम्र 46 वर्ष के पटाखा के दुकान में पटाखा लेने ग्राम नौका के अजीत केसरी उम्र 45 वर्ष पहुंचे थे। वहीं दो मासूम आयुष कुमार केसरी पिता विकास केसरी उम्र 8 वर्ष एवं पियूष केसरी पिता विकास केसरी उम्र 7 वर्ष पटाका लेने गए थे। वहीं वहीं पर ग्राम बूढ़ापरास की सुशीला केरकेट्टा उम्र 14 वर्ष वहीं पर थी जब किसी कारण से पटाखा दुकान में आग लगा तो तीनों पटाखा दुकान के बगल के कमरे में जाकर छुप गए परंतु दुकान में आग लगने के बाद जिस रूम में छुपे थे वहां वेंटीलेटर भी नहीं था जिस कारण से पाँचो का दम घुटने से बेहोश हो गए स्थानीय लोगों के द्वारा जेसीबी से दीवाल को तोडक़र पांचो को निकाल कर रामानुजगंज 100 बिस्तर अस्पताल लाया गया जहां पांचो की मौत की पुष्टि डॉक्टर ने की। रामानुजगंज से गोदरमाना तक पसरा मातम..... ग्राम गोदरमाना में हुए हृदय विदारक घटना से छत्तीसगढ़ एवं झारखंड दोनों राज्यों में मातम पसर गया। दोनों राज्यों में जैसे ही खबर फैली सैकड़ो की संख्या में लोग 100 बिस्तर अस्पताल पहुंच गए सब की आंखें नम हो गए कुछ देर पहले जो बच्चे होली को लेकर उत्साहित थे बम लेने गए थे उनकी मौत हो गई घटना पर सहज कोई विश्वास नहीं कर पा रहा था। घटना में मृत्यु दोनों बच्चे रामानुजगंज के ही निजी स्कूलों में पढ़ाई करते थे।

शराब के नशें में महिला की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा | आरएनएस

थाना कवर्धा क्षेत्रांतर्गत शंकर नगर, गोदना रिसॉर्ट के सामने एक महिला की हत्या का मामला प्रकाश में आया है। दिनांक 10 मार्च को लगभग तीन बजे की बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतका विंध्या बाई छेदावी, पति रामजी छेदावी उम्र लगभग 50 वर्ष (जो वर्तमान में राजू वैष्णव के साथ प्रथा विवाह में रह रही थी) पैरालिसिस से पीड़ित थी और शारीरिक रूप से असमर्थ थी। उनकी बेटी गायत्री धुर्वे, जो अपने पति मुकेश धुर्वे से विवाद के कारण पिछले चार वर्षों से मोहम्मद कासिम, पिता मुनीर खान, निवासी नवाब मोहल्ला, कवर्धा के साथ रह रही थी। सेवा और देखभाल के उद्देश्य से गायत्री धुर्वे और मोहम्मद कासिम दोनों मृतका के साथ शंकर नगर में रह रहे थे। सोमवार दोपहर लगभग तीन बजे, मोहम्मद कासिम ने शराब के नशे में मृतका के चेहरे के दाहिने ओर लोहे की रॉड से प्रहार कर दिया,जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी मोहम्मद कासिम को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल मामले की विस्तृत जांच जारी है।

तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

गरियाबंद-रायपुर | आरएनएस

गरियाबंद में सक्रिय तीन नक्सलियों ने आत्मसर्पण किया है. लंबे समय बाद ऐसा हुआ है कि नक्सली हथियार समेत समर्पण किया हो. एडीजी विवेकानंद सिन्हा,आईजी अमरेश मिश्रा व सीआरपीएफ के अफसरों की मौजूदगी में एसडीके एरिया कमेटी के डिप्टी कमांडर दिलीप उर्फ संतु ने ऑटोमैटिक हथियार के साथ आत्मसमर्पण किया. इनके साथ दो महिला नक्सली मंजुला उर्फ लखमी और सुनीता उर्फ जूमकी ने आत्मसर्पण किया. तीनों पर 15 लाख के इनाम थे. आत्म समर्पण करने वाले इन नक्सलियों ने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई से दहशत में आकर और सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्म समर्पण

किया है. नुआपड़ा डिविजन कमेटी में डिप्टी कमांडर दिलीप ने बताया कि भालू डिगी की घटना के बाद से नक्सली में दहशत है. बड़े नेता भले ना आत्मसर्पण करे लेकिन छोटे नक्सली घबराए हुए हैं. किसी तरह हमें पुलिस का नंबर मिला. भागे-भागे फिर रहे थे. सुरक्षा बलों द्वारा सर्चिंग ऑपरेशन से दबाव बढ़ा है. बार-बार डेरा बदल रहा, खाने-पीने के लिए नहीं मिलता. मुठभेड़ में मुझे गोली लगी थी, पुलिस ने इलाज कराया.

छत्तीसगढ़ में फिल्म छावा ट्रैक्स फ्री, आदेश जारी

रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर, अटल नगर नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 10 मार्च छावा के कथानक एवं अन्य विशेष गुणों को दृष्टिगत रखते हुए फीचर फिल्म के छत्तीसगढ़ में प्रदर्शन की अवधि दिनांक 27.02.2025 से छ: माह तक के लिए इस सेवा प्रदाय पर छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (क्रमांक 7 सन् 2017) के अधीन देय राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) के समतुला राशि की प्रतिपूर्ति करते हुए सिने दर्शकों को

उक्त राशि की छूट प्रदान करने का आदेश देता है। इस प्रतिपूर्ति का लाभ लेने के लिए संबंधित सिनेमाघरों / मल्टीप्लेक्स द्वारा राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) की राशि को घटाकर दर्शकों को इस फिल्म के टिकट का विक्रय किया जायेगा। इस फिल्म के प्रदर्शन के लिए संबंधित सिनेमाघरों / मल्टीप्लेक्स के प्रचलित सामान्य प्रवेश शुल्क में वृद्धि नहीं की जा सकेगी। इस सेवा के प्रदाता मल्टीप्लेक्स / सिनेमाघर द्वारा इस सेवा पर देय राज्य माल एवं सेवा कर की राशि का स्वयं वहन किया जायेगा। इस सेवा प्रदाय पर देय एवं भुगतान किए गए राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) के अंश के बराबर की राशि राज्य शासन द्वारा प्रतिपूर्ति की जाएगी। प्रतिपूर्ति की राशि मुख्य लेखा शीर्ष 2040 के अंतर्गत विकलनीय होगी। इस आदेश के क्रियान्वयन से संबंधित विस्तृत निर्देश पृथक से आयुक्त, राज्य कर, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी किए जाएंगे।

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम : राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान 23 मार्च को

- 18 हजार 770 शिक्षार्थी होंगे शामिल, प्रत्येक शिक्षार्थी को मिलेगा 3 घंटे का समय
- परीक्षा की तैयारी के संबंध में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की ली गई बैठक, दिए गए विस्तृत दिशा-निर्देश

रायगढ़

जिले के 15 वर्ष एवं अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को साक्षर करने हेतु केन्द्र प्रवर्तित योजना उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का क्रियान्वयन कलेक्टर एवं अध्यक्ष

जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जारी है। जिसके तहत शिक्षार्थियों के 200 घंटे अध्यापन पश्चात आकलन परीक्षा एनआईओएस द्वारा आगामी 23 मार्च 2025 को प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिसमें जिले के 18,770 शिक्षार्थी सम्मिलित होंगे। शिक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार परीक्षा केन्द्र के मूल्यांकन हेतु शामिल हो सकते है। जिसके प्रत्येक शिक्षार्थी को 3 घंटे का समय दिया जाएगा।

उक्त राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान की आवश्यक तैयारी हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायगढ़ द्वारा गत दिवस समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही महापरीक्षा अभियान की तैयारी एवं पोर्टल में डाटा अपलोड करने हेतु राज्य स्तर से प्रशिक्षित रिसोर्स व्यक्तियों के द्वारा 8 मार्च को समस्त विकासखण्डों के रिसोर्स व्यक्तियों का उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण आयोजित कर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षार्थियों को राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान में सम्मिलित कराने हेतु समाज के सभी वर्गो से आवश्यक सहयोग करने हेतु अपील किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

पुलिस जवानों ने ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब किया अपने नाम

दुर्ग-रायपुर | आरएनएस

दिनांक 10.03.2025 को अंतर जिला पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता-2025 का समापन प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई के परेड ग्राउंड में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से), पुलिस महानिरीक्षक, दुर्ग रेंज, दुर्ग एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष जितेन्द्र शुक्ला (भा.पु.से), पुलिस अधीक्षक, जिला दुर्ग थे।

प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

प्रतियोगिता का आयोजन 06.03.2025 से 10.03.2025 तक जिला-दुर्ग के विभिन्न स्थलों

पर किया गया, जिसमें दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिलों के करीब 100 खिलाडिय़ों ने भाग लिया। खेलों में फुटबॉल, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी, कबड्डी, बॉक्सिंग, जूडो, वुशू एवं एथलेटिक्स एवं अन्य खेल शामिल थे।

समापन समारोह में अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), जिला-दुर्ग ने मुख्य अतिथियों का कैप एवं बैच लगाकर स्वागत किया।

मुख्य अतिथियों का प्रेरणादायक संबोधन।

समारोह में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने खिलाडिय़ों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेलों से अनुशासन, समर्पण एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। उन्होंने विजेताओं को बधाई देते हुए अन्य खिलाडिय़ों को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि रामगोपाल गर्ग, पुलिस महानिरीक्षक, दुर्ग रेंज ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेलकूद शारीरिक और मानसिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निरंतर अभ्यास और दृढ़ इच्छाशक्ति आवश्यक है।

ओवरऑल चैंपियनशिप पर दुर्ग का कब्जा

एथलेटिक्स और टीम गेम्स के विजेताओं को स्वर्ण एवं रजत पदकों से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में दुर्ग जिले ने 30 गोल्ड एवं 29 सिल्वर मेडल जीतकर ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए पुलिस अधीक्षक, दुर्ग एवं आयोजन समिति की खिलाडिय़ों ने सराहना की। समापन समारोह का संचालन ममता ध्रुव द्वारा किया गया एवं अंत में सत्यप्रकाश तिवारी, नगर पुलिस अधीक्षक, भिलाई नगर ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर रामकृष्ण साहू (पुलिस अधीक्षक, बेमेतरा), सूरजन राम भगत (पुलिस अधीक्षक, बालोद), राजेश कुकरेजा (सेनानी, प्रथम वाहिनी छसबल, भिलाई), गायत्री सिंह (सेनानी, 7वीं वाहिनी, छसबल भिलाई), चिराग जैन (भा. पु. से.)(नगर पुलिस अधीक्षक, दुर्ग) सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।